# U.P. Power Transmission Corporation Limited
# उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)

Office Of The
Superintending Engineer (TP&PSS))
6th Floor, Shakti Bhawan Extn.
14-AshokMarg Lucknow-226001
Email I.D. setppssn@gmail.com
Phone : 0522-4108994

कार्यालयः
अधीक्षण अभियन्ता(टी.पी.एवं पीएसएस)
छठा तल, शक्ति भवन विस्तार,
14, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
दूरभाष : 0522-4108994

पत्रांक : 3745–अधी0अभि0/टी0पी0एवं पी0एस0एस0/13वीं योजना/TWC  दिनांक : 22.01.2019

विषय : उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 द्वारा गठित "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की दिनांक 21.01.2019 को आहूत 13वीं योजनाकाल की 23वीं बैठक सम्बन्धी कार्यवृत्त।

1– डा0 सेंथिल पांडियन सी0, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं अध्यक्ष, समिति।

2– श्री रवि प्रकाश दुबे, निदेशक (कार्य एवं परियोजना), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य, समिति।

3– श्री चन्द्र मोहन, निदेशक (ऑपरेशन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य, समिति।

4– श्री सरोज कुमार मिश्रा, निदेशक (वित्त),उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य, समिति।

5– श्री सुमन गुच्छ, निदेशक (वाणिज्य एवं नियोजन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, 5वॉ तल, शक्ति भवन, लखनऊ।

6– मुख्य अभियन्ता (ऊर्जा प्रणाली), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, एवं स्थायी आमन्त्री, विभूति खण्ड–II, निकट मंत्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ।

7– मुख्य अभियन्ता (पी0पी0एम0एम0), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 एवं स्थायी आमन्त्री, 7वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

8– मुख्य अभियन्ता(नियोजन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

**"पारेषण कार्य अनुमोदन समिति"** की 13वीं योजनाकाल की दिनांक 21.01.2019 को आहूत 23वीं बैठक सम्बन्धी कार्यवृत्त संलग्न है। यह कार्यवृत्त उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 की बेवसाइट **www.upptcl.org** के **ongoing transmission works** लिंक पर भी उपलब्ध है।

संलग्नकः यथोपरि।

( इम्तियाज अहमद )
अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पी0एस0एस0)
एवं सदस्य संयोजक

**प्रतिलिपि :-**

1- मुख्य अभियन्ता (पारेषण: दक्षिण-पूर्व), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 57 जार्ज टाउन, इलाहाबाद।
2- मुख्य अभियन्ता (पारेषण : उत्तर-पूर्व), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 132 के0वी0 उपकेन्द्र, मोहद्दीपुर, गोरखपुर।
3- मुख्य अभियन्ता (पारेषण मध्य), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, पारेषण भवन, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
4- मुख्य अभियन्ता (पारेषण पश्चिम), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, पारेषण भवन 130-डी,विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
5- मुख्य अभियन्ता (पारेषण: दक्षिण-पश्चिम), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, निकट अमर उजाला प्रेस, ककरैथा रोड, आगरा।
6- मुख्य अभियन्ता (पारेषण : दक्षिण-मध्य), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 132 के0वी0 उपकेन्द्र, हसारी, झांसी।
7- मुख्य अभियन्ता 765 के0वी0, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 15वॉ तल शक्ति भवन विस्तार लखनऊ।
8- मुख्य अभियन्ता (जानपद पारेषण- I), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 8/110 इन्दिरानगर, लखनऊ।
9- मुख्य अभियन्ता सी0एम0यू0(टी0), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 11वॉ तल शक्ति भवन विस्तार लखनऊ।
10- मुख्य अभियन्ता (जानपद पारेषण-II), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 9वॉ तल शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
11- मुख्य अभियन्ता (डी0 एण्ड पी0), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 10वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
12- उप महाप्रबन्धक (पारेषण मुख्यालय) वित्त एवं भुगतान इकाई, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, प्रथम तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
13- श्री पंकज सक्सेना, अधिशासी अभियन्ता सम्बद्व निदेशक (आपरेशन), के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

**संलग्नकः यथोपरि।**

**( इम्तियाज अहमद )**
**अधीक्षण अभियन्ता (टीपी एवं पीएसएस)**
**एवं सदस्य संयोजक**

**उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 की "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की दिनॉक 21.01.2019 को सम्पन्न 13वीं योजनाकाल की 23वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

उपस्थिति :–

1. डा0 सेंथिल पांडियन सी0: प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं अध्यक्ष।
2. श्री सरोज कुमार मिश्रा : निदेशक (वित्त), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0एवं सदस्य।
3. श्री चन्द्र मोहन : निदेशक (ऑपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0एवं सदस्य।
4. श्री रवि प्रकाश दुबे : निदेशक (कार्य एवं परियोजना), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0एवं सदस्य।
5. श्री सुमन गुच्छ : निदेशक (वाणिज्य एवं नियोजन), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0एवं सदस्य।
6. श्री इम्तियाज अहमद : अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पी0एस0एस0) एवं संयोजक सदस्य।

निदेशक (ऑपरेशन) एवं वितरण क्षेत्रों से प्राप्त पारेषण कार्यो के प्रस्तावों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति ने निम्न निर्णय लिये :–

(क) नये कार्य :–

1– **220/132/33 के0वी0, 2x160, 2x40 एवं 220/33 के0वी0, 2x60 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र देवबन्द (सहारनपुर) का निर्माण कार्य (डबल मेन,ट्रांसफर) :–**

वर्तमान में देवबन्द (सहारनपुर), कोटा (सहारनपुर) क्षेत्र को 132 के0वी0 देवबन्द उपकेन्द्र से विद्युत आपूर्ति की जा रही है व मुख्य स्त्रोत 220 के0वी0 ननौता उपकेन्द्र है। शीघ्र ही उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 लाइनों की अतिभारिता एवं स्त्रोत उपकेन्द्रों पर क्षमता भारिता होने की सम्भावना है। क्षेत्र में नये 220 के0वी0 उपकेन्द्र निर्माण से लाइनों व उपकेन्द्रों की क्षमता उपलब्धता व भार वहन हो सकेगा। खण्ड के अन्तर्गत प्राथमिक उपकेन्द्रों की वर्तमान में अतिभारिता एवं भविष्य में बढ़ती विद्युत मांग के दृष्टिगत तकनीकी रूप से 220 के0वी0 उपकेन्द्र देवबन्द का निर्माण आवश्यक है, जिससे स्थापित 132 के0वी0 उपकेन्द्र देवबन्द एवं कोटा पर अतिरिक्त स्त्रोत भी प्राप्त होगा। उपकेन्द्र निर्माण हेतु भूमि निजी भू–स्वामियों से क्रय की जायेगी, जिसपर रू0 8.12 करोड़ का व्यय अनुमानित है। अतः समिति ने उपकेन्द्र निर्माण निम्नानुसार अनुमोदित किया:–

- 220/132/33 के0वी0, 2x160, 2x40 एवं 220/33 के0वी0, 2x60 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र देवबन्द (सहारनपुर) का निर्माण कार्य (डबल मेन,ट्रांसफर)
- सहारनपुर(400)PGCIL–देवबन्द(220) 220 के0वी0 डी0सी0 लाइन(1xMoose)–30 किमी0 (केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की अनुमोदन की प्रत्याशा में)
- शामली(400)–देवबन्द(220) 220 के0वी0 डी0सी0 लाइन(1xMoose)–55 किमी0
- कोटा–देवबन्द 132 के0वी0 एस0सी0 लाइन का देवबन्द(220) उपकेन्द्र पर लीलो–05 किमी0
- 400 के0वी0 उपकेन्द्र सहारनपुर (PGCIL) पर 220 के0वी0 'बे'–2 अदद (केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की अनुमोदन की प्रत्याशा में)
- 400 के0वी0 उपकेन्द्र शामली(निर्माणाधीन) पर 220 के0वी0 GIS'बे'–2 अदद (उपलब्ध हैं)

उपकेन्द्र पर अतिरिक्त 'बे' का प्राविधान

- 220 के0वी0 फीडर 'बे'–2 अद्द
- 220 के0वी0 परिवर्तक 'बे'–1 अद्द
- 132 के0वी0 फीडर 'बे'–4 अद्द
- 132 के0वी0 परिवर्तक 'बे'–2 अद्द

**अनुमानित व्यय रू0 145.86 करोड़**
**भूमि की लागत रू0 8.12 करोड़**
**कुल अनुमानित लागत रू0 153.98 करोड़**

2– **220/132/33 के0वी0, 2x160, 2x40 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र टूण्डला (फिरोजाबाद) का निर्माण कार्य (डबल मेन, ट्रांसफर) :–**

क्षेत्र से प्राप्त सूचना अनुसार फिरोजाबाद अवस्थित टूण्डला बरहन के आसपास की विद्युत आपूर्ति 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र टूण्डला, बरहन से की जाती है। 132 के0वी0 की लाइनों में क्षमता अत्यन्त सीमित है। 132 के0वी0 पोषकों की अतिभारिता एवं वर्तमान में क्षेत्र में अतिरिक्त भार वहन करने हेतु उपकेन्द्र पर 33 के0वी0 'बे' उपलब्ध नहीं है। अतः क्षेत्र में बढ़ते विद्युत भार के दृष्टिगत 220 के0वी0 उपकेन्द्र के निर्माण की आवश्यकता है। इस उपकेन्द्र के निर्माण उपरान्त टूण्डला(फिरोजाबाद) एवं ताज ट्रैपेजियम क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी। उपकेन्द्र निर्माण हेतु भूमि निजी भू–स्वामियों से कय की जायेगी, जिसपर रू0 8.99 करोड़ व्यय अनुमानित है। अतः समिति ने उपकेन्द्र निर्माण कार्य निम्नानुसार अनुमोदित किया:–

- 220/132/33 के0वी0, 2x160, 2x40 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र टूण्डला (फिरोजाबाद) का निर्माण कार्य (डबल मेन, ट्रांसफर)
- आगरा(765)(पीजी)–फिरोजाबाद(400) प्रस्तावित 220 के0वी0 एस0सी0 लाइन का टूण्डला(220) उपकेन्द्र पर लीलो– 01 किमी0
  (केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की अनुमोदन की प्रत्याशा में)
- टूण्डला(132)–बरहन 132 के0वी0 एस0सी0 लाइन का टूण्डला(220) उपकेन्द्र पर लीलो – 1.5 किमी0

उपकेन्द्र पर अतिरिक्त 'बे' का प्राविधान

- 220 के0वी0 फीडर 'बे'–2 अद्द
- 220 के0वी0 परिवर्तक 'बे'–1 अद्द
- 132 के0वी0 फीडर 'बे'–4 अद्द
- 132 के0वी0 परिवर्तक 'बे'–2 अद्द

**अनुमानित व्यय रू0 56.66करोड़**
**भूमि की लागत रू0 8.99 करोड़**
कुल अनुमानित लागत रू0 **65.65** करोड़

3– **132/33 के0वी0, 2x40 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र ओयल (लखीमपुर) का निर्माण कार्य (डबल मेन, ट्रांसफर) :–**

वर्तमान में जनपद खीरी ओयल क्षेत्र के आसपास 132 के0वी0 उपकेन्द्र लखीमपुर से 33 के0वी0 पोषकों द्वारा विद्युत आपूर्ति की जा रही है व यह उपकेन्द्र शीघ्र ही भार वृद्धि के दृष्टिगत पूर्णभारित हो जायेगा। अतः शीघ्र ही एक नये 132 के0वी0 उपकेन्द्र की आवश्यकता है। 132 के0वी0 उपकेन्द्र ओयल (लखीमपुर) में भूमि उपलब्ध है व इस पर 132 के0वी0 उपकेन्द्र निर्माण हो जाने पर इससे विकसित हो रहे लघु उधोगों की स्थापना में वृद्धि होगी एवं क्षेत्र को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी। उपकेन्द्र निर्माण हेतु 4.568 एकड़ ग्राम सभा की भूमि उपलब्ध है। अतः समिति ने उपकेन्द्र निर्माण कार्य निम्नानुसार अनुमोदित किया:–

- **132/33 के0वी0, 2x40 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र ओयल (लखीमपुर) का निर्माण कार्य (डबल मेन, ट्रांसफर)**
- **गोला(खीरी)220–ओयल(लखीमपुर) 132 के0वी0 डी0सी0 लाइन(Zebra पर) –45 किमी0**
- **लखीमपुर–लहरपुर 132 के0वी0 एस0सी0 लाइन का 132 के0वी0 उपकेन्द्र ओयल पर लीलो–15 किमी0**
- **220 के0वी0 उपकेन्द्र गोला(खीरी) पर 132 के0वी0 'बे'–2 अदद**

अनुमानित व्यय रू0 58.31 करोड़
भूमि की लागत शून्य है
कुल अनुमानित लागत रू0 58.31 करोड़

(इम्तियाज अहमद)
अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पीएसएस)
एवं संयोजक सदस्य

(सुमन गुच्छ)
निदेशक (वाणिज्य एवं नियोजन)
एवं सदस्य

(सरोज कुमार मिश्रा)
निदेशक (वित्त)
एवं सदस्य

(चन्द्र मोहन)
निदेशक (आपरेशन)
एवं सदस्य

(रवि प्रकाश दुबे)
निदेशक (कार्य एवं परियोजना)
एवं सदस्य

(डा0 सेंथिल पांडियन सी0)
प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0
एवं अध्यक्ष